एक नजर में

क्रेटा कार से शराब परिवहन करते पुलिस ने धरदबोचा

झाबुआ। पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अवैध गतिविधियो में लिप्त अपराधियो की धरपकड करने हेतु लगातार निर्देशित किया गया था, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे एवं एसडीओपी रुपरेखा यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राणापुर दिनेश रावत द्वारा थाना राणापुर की पुलिस टीम बना कर अवैध गतिविधियो में लिंप्त अपराधियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिसके तारम्य में राणापुर पुलिस टीम को मुखबीर की सुचना मिली की टांडी रोड पाडलवा क्षेत्र में एक क्रेटा कार क्रमांक एमपी-09-झेडएस-6090 में शराब भर कर बैचने हेतु जा रही है, जिसे घेरा बंदी कर रोका तो अज्ञात बदमाश क्रेटा वाहन छोड कर भाग गया, क्रेटा वाहन में तलाश करते माउंट बीयर 6000 कंपनी की कुल 38 पेटीयाँ जिसमें करीब 456 बल्क लीटर शराब कीमती 1 लाख 320 रुपये एवं क्रेटा वाहन की किमत करीब 15 लाख रुपये संपूर्ण कुल 16 लाख 320 रुपये की जप्त की। अज्ञात आरोपी क्रेटा चालक के विरुद्व आबकारी अधिनियम के तहत् थाना राणापुर पर अपराध आबकारी एक्ट का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना राणापुर प्रभारी दिनेश रावत, प्रआर. गुलाबसिहं, जगतसिंह, आर. संजु, नुरसिहं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शादी और कार के नाम पर दो युवकों से ठगी

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी की घटनाएं सामने आई हैं. पहले मामले में जलोदिया पट निवासी 35 वर्षीय प्रह्लाद परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि श्यामलाल पिता अमरसिंह, सुभाष पिता चंदूलाल व अन्य ने शादी करवाने के नाम पर उससे करीब डेढ़ लाख रुपए ठग लिए. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत केस दर्ज किया है. वहीं, दूसरे मामले में बिचोली मरदाना निवासी विष्णु चौधरी ने बताया कि उसके दोस्त राजेंद्र दुबे ने परिवार को छोड़ने के बहाने उसकी कार ली और वापस नहीं की. बाद में पता चला कि कार को किसी और को बेच दिया गया. इस मामले में भी आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है.

नाना महाराज तारणेकर का पुण्यस्मरण उत्सव आज

इंदौर . दत्त अवतार श्री नाना महाराज तारणेकर का पुण्यस्मरण उत्सव 23 अप्रैल को चिमन बाग जेलरोड स्थित गणेश मण्डल पर मनाया जाएगा . नाना महाराज संस्थान प्रमुख श्री बाबा साहेब तारणेकर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय भक्तों के साथ साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष से भी भक्तों के उत्सव में आने की संभावना है . संस्था के तारक तारणेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रेल को सुबह 05 बजे काकड़ आरती होगी, उसके बाद सुबह 6 .30 बजे रुद्राभिषेक होगा . सुबह 8 .30 बजे से प्रभाती सेवा का कार्यक्रम होगा . दोपहर 12 .30 से शाम 5 .30 तक महाप्रसाद का आयोजन होगा . शाम 6 .30 बजे महाआरती के पश्चात श्री बाबा साहेब तारणेकर का उद्बोधन होगा . शाम को 08 .30 बजे से वाद्य जुगलबंदी एवं शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम होगा . रात्रि 11 बजे से नाना महाराज तारणेकर भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तूत किये जायेंगे

ओप्पो ने लॉन्च किया के13 5जी

इंदौर. ओप्पो इंडिया ने ओप्पो के 13 5जी लॉन्च किया है. यह स्मार्टफोन पॉवर एफिशिएंसी और प्रीमियम यूजर अनुभव के साथ ओवरपावर्डपरफॉरमेंस प्रदान करता है. इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म के साथ 80वॉड सुपरवूक फ़ास्ट चार्जर और 7000एमएएच की ग्रेफाइट बैटरी दी गई है. यह सेगमेंट में सबसे ज़्यादा वीसी कूलिंग, 120हर्ट्ज एफएचडी+डिस्प्ले और इंटेलिजेंट नेटवर्क ऑप्टिमाइज़ेशन के साथ आता है, त ओप्पो के 3 5जी 25 अप्रैल 2025 से ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर दोपहर 12 बजे से दो रंगों - आइसी पर्पल और प्रिज्म ब्लैक में उपलब्ध होगा. ओप्पो इंडिया में हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सैवियो डिसूजा ने कहा हमारा ओप्पो के13 ओवरपॉवर्ड अनुभव को 20,000 रुपये से कम मूल्य के सेगमेंट में प्रदान कर रहा है. यह डिवाइस शक्तिशाली, विश्वसनीय टेक्नोलॉजी और फ्लैगशिप फीचर्स को पूरे जनसमूह तक पहुँचाने का ओप्पो का उद्देश्य प्रदर्शित करती है.

तेंदुए ने चार ग्रामीणों पर किया हमला

- गांव में दहशत का माहौल, चलाया सर्चिंग अभियान

झाबुआ। जिले की राणापुर तहसील के ग्राम थुवादरा में बुधवार को तेंदुए के हमले से सनसनी फैल गई। तेंदुए ने चार ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सभी घायलों को राणापुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। तेदुंए के हमले में रतन पिता मगन, रागू पिता सेना, हरिओम पिता रमेश, विजु कनिया घायल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार सुबह कुछ ग्रामीण तालाब की और जा रहे थे तभी अचानक तेंदुआ दिखा तो ग्रामीणों ने भागने की कोशिश की, लेकिन तेंदुआ एक के बाद एक चार लोगों पर झपट पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि करीब 15 दिन पहले भी गांव के आस पास तेंदुए की मौजूदगी के संकेत मिले थे, लेकिन उस समय वह नहीं पकड़ा जा सका। अब फिर से हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी है। विभाग द्वारा आस पास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है और पिंजरा भी लगाने की बात विभाग की और से कही है।

छात्रों ने नाटक और गीत के माध्यम से की पर्यावरण जागरूकता की अपील

झाबुआ। मंगलवार को अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में इन कार्यक्रमों का आयोजन कर नन्हे-मुन्ने बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदना, उनके संरक्षण के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी की रक्षा के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की चुनौतियों और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों के बारे में जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष 2025 विश्व पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्री प्राइमरी सेक्शन में बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षा की तख्तियां लेकर रैंप वॉक किया। नाटक के माध्यम से पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा कक्षा में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई।

कक्षा 1ली से 3री के छात्रों द्वारा नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नन्हे नन्हे बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताया कि किस प्रकार हमारी धरती पानी प्लास्टिक को वायु प्रदूषण से ग्रसित है हमें हमारी पृथ्वी को इन सब प्रदूषण से बचाना है। हम अधिक से अधिक सोलर ऊर्जा का उपयोग करें। साथ ही नदियों को स्वच्छ रखें। अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाए व उन्हें समय-समय पर पानी दें। कक्षा 4 थी से 9 वीं तक के छात्रों ने पेपर से बेग, प्लास्टिक बॉटल और पॉलीथिन से पेन स्टैंड, मोमबत्ती स्टैंड, बर्ड हाउस, वॉल हैंगिंग, फ्लावर, पंखा, गुल्लक, फ्लावर पॉट, गुड़िया आदि अनेक उपयोगी सामग्रियां बनाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना है। अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के पंचकोष विकास के अंतर्गत छात्रों के सामाजिक, राष्ट्रीय, आत्मिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए निरंतर आयोजित की जाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य, छात्रों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

बिना नंबर की कार में ढो रहा था अवैध शराब

इंदौर. खजराना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक आदतन अपराधी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी इमरान गौरी, निवासी खजराना, बिना नंबर की कार में अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर जा रहा था. पुलिस ने स्टार चौराहे के पास से उसे धरदबोचा. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि इमरान गौरी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है. इसी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया. तलाशी में उसके वाहन से 86 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की गई. इमरान गौरी कोई नया चेहरा नहीं है. वह पहले भी एमडी ड्रग्स की तस्करी में पकड़ा जा चुका है और जेल की सजा काट चुका है. जेल से छूटने के बाद उसने फिर से गैरकानूनी गतिविधियों में खुद को सक्रिय कर लिया. आरोपी इमरान गौरी के खिलाफ पहले से 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं

समिति सदस्यों एवं वार्ड की जनता के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित

झाबुआ। पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा वार्ड क्रमांक 17-18 (सिद्धेश्वर कॉलोनी गार्डन परिसर) झाबुआ में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर सुरक्षा समिति के सदस्य और क्षेत्रीय नागरिकों के बीच सुरक्षा, शिक्षा, यातायात नियमों और समाजिक कुरीतियों, साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराधो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समस्याओं को जानना और उनका समाधान करना है। कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने कहा कि समाज का हर नागरिक जिम्मेदार है और बच्चों की सही दिशा में शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को कम से कम 12वीं तक पढ़ाई पूरी करवाना

बेहद जरूरी है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। साथ ही उन्होंने ड्रग व नशीले पदार्थो के सेवन के विरुद्ध लोगो को जागरूक करते हुए बताया की सिंथेटिक ड्रग के प्रयोग से हमारे जेनेटिक कोड में परिवर्तन हो सकता है, जिस से आने वाली पीढ़ियां विकृत पैदा होगी। उन्होंने कहा की ड्रग लाने वाले, ड्रग बेचने वाले, ड्रग का सेवन करने वाले तीनों की शिकायत पुलिस से करे, पुलिस द्वारा शिकायत पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने से दुर्घटनाओं में कमी आती है, और यह हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने से न केवल जुर्माना होता है, बल्कि इससे जान-माल की हानि भी हो सकती है। साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में भी लोगो को जागरूक करते हुए बताया की प्लास्टिक के प्रयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती है साथ ही यह पर्यावरण प्रदूषण का भी प्रमुख कारण बनती है इसलिए हमे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना चाहिए। कार्यक्रम में अति. पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा का दायित्व पुलिस के साथ आम जनता का भी है,

> इसलिए अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देवे। साथ ही झाबुआ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट अभियान के तहत आप सभी नागरिक भी यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट का उपयोग अवस्य करे। साथ ही उन्होंने आमजन को सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, डायल 100 आदि के बारे में भी जागरूक किया। साइबरसेल शाखा प्रभारी दिलीप मौर्य ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में आमजन को जागरूक किया और बताया की अनजान नंबर से आए फोन कॉल पर विश्वास न करे किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई गोपनीय कोड अथवा ओटीपी साझा न करे और ऐसे फोन कॉल की तत्काल पुलिस को सूचना देवे।

संभल जाओ और हर व्यक्ति जंगल बचाने की कसम खाओ : भाबोर

मेघनगर। बुधवार को मप्र अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कलसिंह भाबोर ने ग्राम वन समिति मेघनगर की बैठक की अध्यक्षता की और उपस्थित समिति की माता-बहनों को वनों की सुरक्षा और वनों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यदि हम जंगल को इसी तरह बर्बाद या नष्ट होते हुए देखते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी आने वाली पीढ़ी के बच्चे को स्कूल जाते समय बेग में पानी की बॉटल के साथ ऑक्सीजन की बॉटल भी ले जाना पड़ेगी, इसलिए समय रहते संभल जाओ और हर व्यक्ति जंगल बचाने की कसम खाओ और हर

व्यक्ति कम से कम पांच पांच पौधे लगाकर हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए जल और ऑक्सीजन की मात्रा बरकरार रखें। इस दौरान भाबोर ने वन कर्मचारी संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अखिलेश मेड़ा का स्वागत किया और बधाई दी और सभी उपस्थित समिति की माता बहनों और सबरेंज मेघनगर स्टॉफ ने मुख्य अतिथि का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने समिति सदस्यों के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान वन कर्मचारी संघ झाबुआ के जिलाध्यक्ष अखिलेश मेड़ा सहित रामसिंह मेड़ा, रामलाल परमार, दिनेश सिंगाड़िया, लोकेंद्र मेड़ा तथा जन प्रतिनिधियों में मुकेश मेहता, संतोष परमार, भाविक बारोट, राजु डामोर, मगन तड़वी, अध्यक्ष ग्राम वन समिति मेघनगर लक्ष्मण मकवाना एवं बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे। आभार प्रदेश उपाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ राजेंद्रसिंह अमलियार ने माना।

हम्माल ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर. आजाद नगर क्षेत्र में एक हम्माल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों और पड़ोसियों को अभी तक यह समझ नहीं आ रहा है कि दीपक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया.

आजाद नगर पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय दीपक पिता विजय, निवासी इंद्रा एकता नगर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. दीपक का शव पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया गया. प्राथमिक जांच में किसी सुसाइड नोट या आत्महत्या के स्पष्ट कारण का पता नहीं चल सका है. दीपक पेशे से हम्माल था और साथ ही छुटपुट मजदूरी भी करता था. वह शादीशुदा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं. परिजन ने बताया कि दीपक सामान्य रूप से व्यवहार कर रहा था और ऐसी कोई बात सामने नहीं आई थी जिससे यह संकेत मिले कि वह परेशान था. आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब दीपक के दोस्तों, परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि कहीं वह किसी आर्थिक या मानसिक तनाव में तो नहीं था. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी.

देवास में विवाहिता की संदिग्ध मौत

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप
- दहेज प्रताड़ना और हत्या की जताई आशंका

इंदौर.चंदन नगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

देवास जिले के भानगढ़ स्थित अपने ससुराल में रह रही 22 वर्षीय श्रद्धा पटेल की मौत कथित रूप से ज़हर खाने से हो गई. घटना के बाद युवती के मायके वालों ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताया. श्रद्धा पटेल का विवाह तीन वर्ष पूर्व देवास निवासी रितेश पटेल से हुआ था. परिजनों के अनुसार, शादी के बाद से ही श्रद्धा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था. परेशान होकर वह कई महीनों तक मायके में रही और दो महीने पहले ही ससुराल लौटी थी. परिजनों का आरोप है कि श्रद्धा के पति रितेश ने उन्हें फोन कर बताया कि श्रद्धा ने ज़हर खा लिया है और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है. पहले उन्होंने बॉम्बे हॉस्पिटल ले जाने की बात कही, लेकिन बाद में पता चला कि श्रद्धा को इंदौर के पिपलिहाना क्षेत्र स्थित नक्षत्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जब तक परिजन वहां पहुंचे, तब तक श्रद्धा की मौत हो चुकी थी. चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

भाई ने लगाया हत्या का आरोप

श्रद्धा के भाई समीर पटेल ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बहन को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था. उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत की गई हत्या है.

लुटेरी दुल्हन ने फिर दिखाया रंग, 8 दिन में पति को ठगकर फरार

- पीड़ित ने देपालपुर थाने में दर्ज करवाई शिकायत
- डेढ़ लाख की ठगी का लगाया आरोप

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में लूटेरी दुल्हनों का गिरोह एक बार फिर सुर्खियों में है. देपालपुर निवासी एक युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि शादी के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपए की ठगी की गई और शादी के कुछ ही दिनों बाद दुल्हन ससुराल से फरार हो गई.

देपालपुर पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर श्यामलाल निवासी ग्राम नेवरी, सुभाष निवासी 60 फीट रोड और सोनी घोसले निवासी स्कीम नंबर 78 के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी रणजीतसिंह बघेल ने बताया कि यह मामला करीब एक साल पुराना है, लेकिन पीड़ित अब सामने आया है. पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने शादी करवाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपए ऐंठे और फिर कुछ दिन बाद दुल्हन घर छोड़कर भाग गई. जांच में सामने आया है कि महिला कुछ ही दिन पति के साथ रही और फिर किसी को बिना बताए गायब हो गई. अब पुलिस को आशंका है कि यह कोई संगठित गिरोह हो सकता है, जो भोले-भाले युवकों को शादी का झांसा देकर ठगता है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश में है कि क्या इस गिरोह ने अन्य लोगों को भी इसी तरह ठगा है. साथ ही महिला की तलाश भी की जा रही है. पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शादी के नाम पर ठगी का यह कोई पहला मामला नहीं-बता दें कि इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में लुटेरी दुल्हनों द्वारा ठगी के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं. पुलिस ऐसे मामलों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील कर रही है और लोगों से आग्रह किया है .

समस्या ▶ जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित

न्यायालय के फैसले के बाद भी नहीं मिला मकान

इंदौर. बढ़ते शहर में जन समस्याएं भी दिनों-दिन बढ़ रही है. विवादों का निराकरण जल्द ही करने के लिए पिछले कई वर्षो से कलेक्टर कार्यलय में जन सुनवाई होती आ रही है. इस मंगलवार को भी सैकड़ों आवेदक जन सुनवाई में पहुंचे.

इस बार भी जन सुनवाई में वही दिखाई दिया जो पिछले कई वर्षों से होता आ रहा है. सैकड़ों आवेदकों की लंबी लाईन में लगे थे. इनमें कुछ ऐसे थे जो पहली बार पहुंचे थे. वही ऐसे भी थे जिन्हें चक्कर काटते हुए कई हफ्ते बीत चुके थे फिर भी उनकी



समस्या का समाधान नहीं हो पाया या साफ कहा जा सकता है कि न्याय नहीं मिला. इन आवेदकों में किसी तो अपनी पेंशन नहीं मिल रही थी तो एक महिला के घर पर ससुराल पक्ष का कब्जा हो गया था. एक बुजुर्ग भी पहुंचे. पुत्र होने के बाद भी उन्हें वृद्धाश्रम में जीवन जीना पड़ रहा है. वहीं एक पिता अपने पुत्र की हत्यारों की गिरफ्तारी की गुहार लगाते दिखाई दिए. न्याय पालिका से पक्ष में फैसला होने के बावजूद भी नीलामी का मकान नहीं मिलने पर पीड़ित द्वारा पूरा आवेदन ड्राइंग पेपर पर लिखकर अपने गले में लटका कर कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचे.

इनका कहना है ...

वर्ष 2008 में तहसीलदार ने मेरा मकान नीलाम कर दिया था. न्यायालय ने 2023 में मेरे पक्ष में आदेश हुआ. आज 21 महीने हो चुके हैं. मेरा मकान नहीं दे रहे हैं. 799556 रूपए की वसूली की जा रही है. अब मैं क्या करूं.

- गोपाल राव

लसूड़िया के निरंजरपुर एमआर-12 जो मास्टर प्लान में पारित है वह नहीं बनाया जा रहा है. कई लोगों ने अपने भवन बना कर सड़क पर अवैध कब्जे कर लिए हैं. मार्ग बनने से पंद्रह कॉलोनी वासियों को सुविधा होगी.

- जयप्रकाश मिश्रा

एक माह पूर्व पुत्र की हत्या हुई जिसमें अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई. लसूड़िया थाने जाते हैं तो कोई सुनवाई नहीं होती न्याय के लिए दर-दर ठोकरे खा रहे हैं. हमारी जान को भी खतरा है.

- मनोहर पंवार

नव भारत
एजेंसी देना है...
झाबुआ जिला
राणापुर एवं थांदला सिटी में
सम्पर्क करें :- 99260-57773